




अंक 13, 7 जुलाई 2017

# संगठन संवाद पत्र

## विस्तारक प्रवास, ओड़िसा

3, 4, 5 और 6 जुलाई 2017





## 3 जुलाई 2017 (रात्रि 10.50 से रात्रि 1.45)



**10:50** इंदिरा गांधी हवाई अड्डे से ओड़िसा के लिए प्रस्थान

**1:00** भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर आगमन, केन्द्रीय मंत्रियों एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत

**1:45** स्टेट गेस्ट हाउस, भुवनेशवर में आगमन और रात्रि विश्राम

## 4 जुलाई 2017 (प्रातः 8.00 से रात्रि 12.00)







**8:00** वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ स्टेट गेस्ट हाउस में नाश्ता

**8:30** कुकुदा खांडी के लिए प्रस्थान, रास्ते में अनेक जगह राष्ट्रीय अध्यक्ष का विशाल जन समूहों द्वारा स्वागत और मार्ग में श्री अमित शाह ने पंज पाईक जंगबंधू एवं शहीद चित्रसेन जेना की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजली अर्पित की

**12:30** कुकुदा खांडी, गाँव हगु लापता में आगमन और घर-घर जनसंपर्क करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोगों के घरों पर स्टीकर लगाये

**1:00** बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए श्री अमित शाह ने बूथ कार्यकर्ताओं का मार्ग दर्शन किया

**1:45** स्थानीय निवासी श्री नवीन साय के घर भोजन

**2:30** सड़क मार्ग से लुच्चा पाड़ा, ब्रह्मपुर के लिए प्रस्थान

**3:00** लुच्चा पाड़ा में स्थानीय कार्यकर्ता दुशासन राव के घर पर कार्यकर्ताओं से चर्चा एवं भेंट

**3:15** ब्रह्मपुर शहर के लिए प्रस्थान

**3:40** बरहामपुर शहर में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत एवं शिभा यात्रा

**4:00** ब्रह्मपुर सर्किट हाउस में आगमन

**4:45** बीबीए मैदान, ब्रह्मपुर में चार जिलों से आये बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री अमित शाह ने भाजपा के बढ़ते जनाधार और ओड़िसा के विकास से जुड़े मुद्दों पर प्रकाश डाला

**5:45** चिल्का खुर्दा के लिए सड़क मार्ग से प्रस्थान

**7:30** चिल्का खुर्दा में कार्यकर्ताओं के साथ जलपान और भेंट

**9:15** स्टेट गेस्ट हाउस भुवनेश्वर में आगमन

**10:00** निजी सचिव के साथ कार्यालय के कार्य

**12:00** रात्रि विश्राम



## 5 जुलाई 2017

(प्रातः 8.40 से रात्रि 12.00)









**8:40** स्टेट गेस्ट हाउस में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ नाश्ता

**8:45** सड़क मार्ग द्वारा जाजपुर के लिए प्रस्थान और रास्ते में अनेक जगह कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत

**11:30** विराजा मंदिर जाजपुर में आगमन और दर्शन-पूजन

**12:00** अरइ गाँव के लिए सड़क मार्ग से प्रस्थान

**12:35** शिव मंदिर अरइ गाँव में दर्शन एवं पूजन

**12:45** अरई गाँव में घर-घर जाकर संपर्क किया और स्टीकर लगाये

**1:30** बूथ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में श्री अमित शाह ने बूथ कार्यकर्ताओं को कार्य सम्बन्धी प्रशिक्षण दिया

**2:00** स्थानीय निवासी देवेन्द्र मालिक के घर भोजन

**2:30** जाजपुर गेस्ट हाउस के लिए प्रस्थान

**3:00** जाजपुर गेस्ट हाउस में आगमन और राष्ट्रीय अंग्रेज पत्र से साक्षात्कार

**4:15** पनीकोईली के लिए प्रस्थान

**4:45** पनी कोईली में 6 जिलों से आये हजारों बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री अमित शाह ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए ओड़िसा की बदहाली के लिए जिम्मेदार ठहराया और कार्यकर्ताओं को बढ़ते जनाधार के प्रति आश्वस्त किया

**5:30** सड़क मार्ग से भुवनेश्वर के लिए प्रस्थान

**7:45** स्टेट गेस्ट हाउस में वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ भोजन

**8:30** वरीष्ठ पदाधिकारियों के साथ दो दिनों के कार्यों की समीक्षा

**10:00** कार्यालय कार्य

**12:00** रात्रि विश्राम



## 6 जुलाई 2017

(प्रातः 8.00 से शाम 7.30)





**8:00** वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ नाश्ता

**9:00** राष्ट्रीय समाचार चैनल से साक्षात्कार

**9:30** स्टेट गेस्ट हाउस से प्रस्थान

**10:00** वरिष्ठ पार्टी नेता के निवास पर संघ परिवार सदस्यों के साथ बैठक एवं चर्चा

**11:45** राष्ट्रीय समाचार पत्र के साथ साक्षात्कार

**12:00** बसन्तपुर जिला में आगमन और घर-घर संपर्क के दौरान श्री अमित शाह ने स्टीकर लगाए और स्थानीय निवासी हरिहर साहू के घर जाकर मूढ़ी का सेवन किया

**1:00** भुवनेश्वर के लिए सड़क मार्ग से प्रस्थान

**1:30** होटल पाल हाईट्स में आगमन और स्थानीय निकायों में विजयी भाजपा प्रतिनिधियों को संबोधन

**2:30** वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चा

**3:30** पंडित दीन दयाल विस्तारक योजना में निकले विस्तारकों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने संवाद करते हुए उन्हें उनकी जिम्मेदारियों एवं कार्यप्रणाली पर प्रशिक्षण दिया

**4:45** हवाई अड्डे के लिए प्रस्थान

**5:30** अहमदाबाद के लिए प्रस्थान

**7:30** अहमदाबाद में आगमन







# मिशन 120



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का तीन दिवसीय ओड़िसा विस्तारक प्रवास पार्टी एवं संगठन के विकास की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी एवं पार्टी के हित में रहा है। इस दौरान श्री अमित शाह द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने, पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करने एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने का परिणाम है कि ओड़िसा में पार्टी का संगठनात्मक आधार बेहद मजबूत हुआ है। गुणात्मक दृष्टि से प्रवास की उपयोगिता कई मायने में बेहद अहम है। ओड़िसा में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह के प्रवास को पार्टी उपयोगी मान रही है।

- श्री शाह द्वारा सड़क मार्ग द्वारा 600 किमी से भी अधिक दूरी की यात्रा के दौरान हर नुक्कड़ और चौराहे पर हजारों कार्यकर्ताओं ने उनका जिस उत्साह से स्वागत किया गया वह निश्चित रूप से पार्टी के उज्वल भविष्य को इंगित करता है। चुनावी राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले श्री शाह ने जिस विश्वास के साथ 2019 में भाजपा के लिए 120 सीटों का लक्ष्य रखा उससे सिद्ध होता होता है कि भाजपा अगले विधानसभा चुनाव में निश्चित रूप से ओडिशा में सरकार बनायेगी। पंचायत चुनावों में भाजपा को मिली भारी सफलता के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में आये उत्साह को श्री शाह ने अपने तीन दिनों के प्रवास के दौरान कई गुना बढ़ाने में सफलता पाई।

- हज़ारों बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री शाह ने प्रदेश की बी.जे.डी. सरकार पर करारा प्रहार करते हुए प्रदेश की बदहाली और गरीबी के लिए सीधे रूप से बी.जे.डी. नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया। श्री अमित शाह ने मोदी सरकार की देशव्यापी विकास यात्रा से ओड़िसा को जोड़ने के लिए भाजपा को समर्थन देने का आव्हान देकर ओड़िसा की जनता में दशकों से सुशुप्त आकान्छाओं को जगाने में निश्चित रूप से सफलता पाई जिसका राजनैतिक लाभ भाजपा को अवश्य मिलेगा।

- श्री अमित शाह ने तीन ग्रामीण बूथों में विस्तारक का दायित्व निभाते हुए घर-घर जा कर लोगों से मिले और घरों पर पार्टी का स्टीकर लगाया। श्री अमित शाह ने स्वयं बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक ले कर बूथ समितियां बनाई। अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष को इस लगन से एक साधारण बूथ विस्तारक के रूप में काम करते देख कर पार्टी कार्यकर्ताओं में एक सकारात्मक सन्देश गया जो कि निश्चित रूप से ओड़िसा में भाजपा को बूथ स्तर तक मजबूत करने में सहायक होगा। इस बूथ शक्तिकरण अभियान को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न बैठकों में श्री शाह ने पार्टी के ओड़िसा नेतृत्व को पार्टी के विस्तार की एक समयबद्ध कार्ययोजना दी।

- ओड़िसा क्या देश के सबसे गरीब जिलो में से एक कालाहांडी में भाजपा ने पंचायत चुनाव में 36 में 34 सीटों में सफलता पाई। यह परिणाम निश्चित रूप से प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के प्रति गरीबों के विश्वास को दर्शाता है। श्री शाह ने अपने बूथ प्रवास के दौरान पिछड़े और दलितों के घर जा कर जिस तरह से उनसे घुलेमिले और उनके सामान्य भोजन मूढ़ी इत्यादि को ग्रहण किया उससे निश्चित रूप से उन्होंने समाज के गरीब तबके से एक आत्मीयता का सम्बन्ध जोड़ने में सफलता पाई।

- श्री शाह ने इस प्रवास के दौरान कई मौकों पर कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ओड़िसा के विकास के लिए संवेदनशील है जिसका प्रमाण मोदी सरकार द्वारा ओड़िसा के विकास के लिए पिछले तीन वर्षो में दी जाने वाली 4 लाख करोड़ की राशि है जो कि पहले दी जाने वाली राशि से कई गुना अधिक है। श्री शाह ने इसी कड़ी में मोदी सरकार के पूर्वी भारत के विकास के संकल्प को भी रेखांकित किया। शाह के इस प्रयास से ओड़िसा की जनता में मोदी सरकार और भाजपा के साथ चलने की भावना का संचार हुआ जिसका लाभ पार्टी को निश्चित रूप से मिलेगा।

- श्री शाह ने इस प्रवास में ओड़िसा के गौरव से जुड़े कई प्रतीकों को विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये याद करके जनभावनाओं को स्पर्श किया। 1817 में हुई ओड़िसा की प्रसिद्द पाइक क्रांति के स्तंभों को सम्मानित करके राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ओड़िसा कार्यकारणी के दौरान इन शहीदों के परिवारों को सम्मानित करने की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश की जनभावनाओं को भाजपा से जोड़ने का काम किया। अपने बूथ कार्यक्रम के दौरान बसंतपुर गाँव के बूथ नम्बर 191 में ओड़िसा की वीरता भरे इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाली "दया नदी" को याद करके ओड़िसा वासियों के लोगो ह्रदय को स्पर्श किया।

# सुशासन तथा केंद्र–राज्य शासकीय कार्यक्रम समन्वय विभाग

वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी का आधार और संगठनात्मक विस्तार समूचे देश में हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी एवं सहयोगी दलों की सरकारें देश के 18 राज्यों में चल रही हैं। केंद्र में भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भाजपानीत पूर्ण बहुमत की सरकार सफलता पूर्वक कार्य कर रही है। ऐसे में पार्टी के संगठन, केंद्र की सरकार एवं राज्यों की सरकारों के बीच समन्वय का सकारात्मक ढंग से स्थापित होना अत्यंत अनिवार्य हो जाता है। किस राज्य में कौन सी योजना सफलता पूर्वक कार्य कर रही है, केंद्र की कौन सी योजना राज्यों में बेहतर कार्य कर रही है, जैसे विषयों को संज्ञान में लेकर फिर एक समन्वयकारी नीति तैयार करने के उद्देश्य से पार्टी ने "सुशासन तथा केंद्र–राज्य शासकीय कार्यक्रम समन्वय विभाग" की स्थापना की है। इस विभाग की स्थापना के पीछे यह उद्देश्य है कि राज्य एवं केंद्र के अलावा अलग-अलग राज्यों के बीच भी समन्वय को स्थापित करते हुए लोक कल्याणकारी योजनाओं को मूर्त रूप दिए जाने संबंधी नीतियों को तैयार किया जाए। इस विभाग के दायित्वों को निम्नवत समझा जा सकता है।

- सुशासन तथा केंद्र–राज्य शासकीय कार्यक्रम समन्वय विभाग का प्रमुख दायित्व है कि केंद्र तथा भाजपा शासित राज्यों के विशिष्ट विभागों के मंत्रियों के सम्मेलन आयोजित करने के साथ–साथ विभाग का यह दायित्व भी बनता है कि इन सम्मेलनों में समान विचारों वालें संगठनों के दायित्वों का निर्धारण करे।
- सम्मेलनों और कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी की विशिष्ट विषयों संबंधित नीतियों, कार्यक्रमों तथा योजनाओं तथा गतिविधियों में सभी से जरूरी समन्वय बिठाना एवं इसके साथ सभी योजनाओं, नीतियों का सही क्रियान्वयन की दिशा में कार्य करना इस विभाग का प्रमुख दायित्व है।
- अगर कोई योजना अथवा रणनीति किसी एक राज्य में सफ़लता दिलाती है तो, उसी रणनीति के क्रियान्वयन के लिए अन्य राज्यों को भी प्रोत्साहित करने एवं उसके लिए ठोस कदम उठाए जाने, राज्यों से संपर्क करने का दायित्व इस विभाग को दिया गया है।
- सुशासन तथा केंद्र–राज्य शासकीय कार्यक्रम समन्वय विभाग का दायित्व है कि सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं, अच्छे कार्यों को जनता के बीच ले जाना और इसके लिए शोध, डॉक्युमेंटेश तथा सभी सकारात्मक आकड़ों के द्वारा प्रचार-प्रसार की समुचित व्यवस्था तय करने का अधिकार भी इस विभाग के पास है।
- सुशासन तथा केंद्र–राज्य शासकीय कार्यक्रम समन्वय विभाग का यह भी दायित्व है कि वह सरकार की नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों के बारे में समाचारपत्रों, पत्रिकाओं तथा मीडिया के विभिन्न माध्यमों में चर्चा में रहने वाले पार्टी के ल ए आलोचनात्मक मुद्दों के लेख, समाचार कटिंग, रिपोर्ट, वीडियो तथा अन्य सामग्री का डॉक्युमेंटेशन करे एवं उसको सही फोरम तक पहुंचाए।

## सुशासन तथा केंद्र–राज्य शासकीय कार्यक्रम समन्वय विभाग पर श्री अमित शाह के विचार

सुशासन तथा केंद्र-राज्य शासकीय कार्यक्रम समन्वय विभाग का दायित्व है कि वह पार्टी की सरकारों द्वारा किये जा रहे जनकल्याण के कार्यों के संदेश को जनता तक पहुंचाये, जिसके लिए उसे निरंतर प्रभावी योजनाओं के दस्तावेजीकरण, आंकलन और प्रचार-प्रसार की चिंता करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त यह विभाग जनकल्याण के महत्वपूर्ण मुद्दों से सम्बंधित विभागों के मंत्रियों के सम्मलेन करा कर अनुभवों के आदान-प्रदान के आधार पर प्रभावी जनकल्याण कार्यक्रमों की रचना में भी मदद कर सकता है।



**"पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्राम विद्युतीकरण योजना के तहत आजादी के बाद पहली बार ओड़िसा के 2439 गाँवों को रोशन करने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है।"**

ओड़िसा की जनता का भारतीय जनता पार्टी के प्रति प्यार, समर्थन और आशीर्वाद देखकर मैं निश्चित रूप से कह सकता हूँ कि इस बार राज्य में 2019 में भारतीय जनता पार्टी की दो तिहाई बहुमत की सरकार बनने जा रही है।

*****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में स्वच्छता अभियान शुरू किया हुआ है, उनका कहना है कि देश में गरीब से गरीब महिलाओं को शौचालय की सुविधा मिलनी चाहिए। ओड़िसा में सिर्फ 22% घरों में ही शौचालय है, समझ में नहीं आता कि इतने सालों तक ओड़िसा में शासन करने के बाद आखिर कांग्रेस और बीजद ने ओड़िसा के लिए किया ही क्या है।

*****

जितना बजट ओड़िसा को 25 साल में भारत सरकार ने नहीं दिया होगा, उतना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ओड़िसा को तीन साल में ही देने का काम किया है।

*****

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इस बार केवल सरकार बनाने के लिए चुनाव में न उतरे बल्कि 120 सीटों पर जीत का लक्ष्य लेकर चुनाव में उतरे। जब तक ओड़िसा में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री शपथ नहीं ले लेते, तब तक हमें आराम करने का अधिकार नहीं है।

*****

ओड़िसा में 3500 से ज्यादा डॉक्टरों की जगह खाली है, स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था राज्य में नहीं है। दाना माझी सरीखी घटनाएं अंतरात्मा को झकझोर कर रख देती है, जब एक मृत शरीर को भी आप सम्मान नहीं दे सकते तो आप आखिर क्या कर सकते हैं।

*****

ओड़िसा को रेलवे के लिए 14000 करोड़ रुपये, जलमार्ग के विकास के लिए 2000 करोड़ रुपये, पंडित दीनदयाल ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के लिए 1791 करोड़ रुपये, जिला खनिज निधि के लिए 2000 करोड़ रुपये और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लिए 450 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

*****

ओड़िसा में प्राकृतिक संसाधनों की कमी नहीं है, लेकिन सुशासन की कमी है। यदि भाजपा सरकार सत्ता में आती है, तो यह पांच साल में ओड़िसा को सबसे विकसित राज्य में बदल देगी।

शाह ने लिया मां बिरजा का आशीर्वाद

हवा में नहीं, सबके साथ चलती है भाजपा : शाह

ओडिशा के पिछड़ेपन के लिए शाह ने बीजद सरकार पर साधा निशाना

एजेंसी। बरहमपुर (ओडिशा)

कहा, मदद मिलने

शाह ने नवीन पटनायक के गढ़ में भरी हुंकार

गंजाम @ पत्रिका. भाजपा

शाह ने बोला पटनायक पर हमला

ओड़िशा में गरीबी और पिछड़ेपन के लिये ठहराया जिम्मेदार

'ओडिशा में 2019 में भाजपा सरकार'

शाह ने दिया 120 सीट का टारगेट

ओड़िशा को नम्बर एक राज्य बनाएंगे : शाह

अमित शाह के स्वागत में ओडिशा के बसंतपुर गाँव का हर घर सजा कमल की रंगोली से

अमित शाह ने पाइका विद्रोह के योद्धाओं की प्रशंसा की

पीसीसी अध्यक्ष बोले- कांग्रेस का मुकाबला मोदी व शाह से

ओडिशा में जमीन मजबूत करने में जुटे शाह

ओडिशा में शाह ने शुरू की संपर्क यात्रा

2019 में ओडिशा में बनेगी भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार : शाह

पटनायक के गृह जिले में अमित शाह का शानदार स्वागत







Shah begins BJP's *Mission Odisha* from BJD citadel

Amit Shah exhorts party cadre to beat BJD at its own game

Shah Turns Booth Worker, Chats With Odisha Villagers Over Snacks

'Naveen high-flying while Odisha languishes'

Shah fires salvo at Naveen on last day of Odisha tour

Amit Shah dares Congress

STAFF REPORTER
BHUBANESWAR

Shah takes fight for '19 to Patnaik's turf

Shah to begin Odisha drive from CM's turf

Amit Shah sounds poll bugle in Odisha

Claims the BJP will win the 2019 Assembly polls in the State with a two-third majority

Shah hits out at Naveen for under-developed Odisha

Shah lashes out at BJD for Odisha's 'backwardness'

Shah attacks Naveen for keeping Odisha 'backward'

In Odisha, Shah has a gameplan for 2019

'Booth Worker' Shah Talks Welfare, History With Villagers in Odisha

BJP will form government in Odisha in 2019: Amit Shah

Shah hails warriors of Paika rebellion

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष

Shah on Naveen turf: Will form govt in Odisha in 2019

Amit Shah attacks Congress, BJD for neglecting Odisha

http://www.bjp.org/adhyakshiyapravas2017

Shah lashes out Naveen govt